देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 29 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**अर्थव्यवस्था में गति लाने की कोशिशें



देहरादून, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2020

# पेज थ्री

PAGE 3 PUBLICATION



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 19.0° | 31889.85

2 वैज्ञानिकों को मिला कोरोना का कनेक्शन | 7 धोनी सबसे कामयाब कप्तानों में शुमार

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोरोना से 21,393 बीमार, 681 मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि देश में कोविड–19 के मामले बृहस्पतिवार को बढ़कर 21,393 हो गए और मरने वालों की संख्या 681 हो गई।उसने बताया कि देश में अब 16,454 लोगों का इलाज चल रहा है। वहीं 4,257 लोगों को ठीक होने के बाद छुट्टी दे दी गई और एक अपने देश लौट गया। वहीं कुल मामलों में 77 विदेशी नागरिक हैं। मंत्रालय ने बताया कि बुधवार शाम से वायरस से संक्रमित 29 लोगों की जान गई, जिसमें से 18 महाराष्ट्र, आठ गुजरात, दो राजस्थान और दिल्ली का एक मामला है।

### यूपी पुलिस ने 150 जमातियों को ढूंढ निकाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेरठ। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच यूपी में तबलीगी जमात से जुड़े लोगों का पता लगाने के लिए धरपकड़ तेज हो गई है। बीते 48 घंटों में यूपी में तबलीगी जमात के 150 सदस्यों को ढूंढा गया। अब तक 3,204 तबलीगी जमातियों को पकड़कर क्वारंटीन किया जा चुका है। कइयों को गिरफ्तार भी किया गया है। इनमें 341 विदेशी भी शामिल हैं। राज्य में 500 से अधिक जमातियों के छिपे होने का इनपुट मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया था। गुजरात के तबलीगी जमात के करीब 10 सदस्यों का कानपुर में पता लगाया गया।

### अर्नब गोस्वामी पर हमले की सेलेब्रिटीज ने की निंदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीवी पत्रकार अर्नब गोस्वामी और उनकी पत्नी पर अज्ञात लोगों द्वारा किये गये हमले की बॉलीवुड सेलेब्रिटीज ने निंदा की है। सेलेब्स ने अर्नब की सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग भी सरकार से की। वहीं, मामले में पुलिस शिकायत दर्ज कर दी गयी है और दो लोगों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने टीवी पत्रकार अर्नब गोस्वामी पर हुए हमले की निंदा की।

# फंडिंग रोकने के फैसले पर पुनर्विचार करे अमेरिका

## विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने तोड़ी चुप्पी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जेनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने उम्मीद जताई है कि संयुक्त राज्य अमेरिका फंडिंग रोकने के फैसले पर पुनर्विचार करेगा। कोरोना महामारी के प्रसार के बाद डब्ल्यूएचओ पर चल रही सियासत के बीच डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि उन्होंने दुनिया को इस महामारी से बचाने का संकल्प लिया है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेबियस का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका में उनके इस्तीफे की बात जोर पकड़ रही है।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका इस धारणा में विश्वास करता होगा कि एजेंसी में फंडिंग एक महत्वपूर्ण निवेश है। यह फंडिंग न केवल दूसरों की मदद करने के लिए होगी, बल्कि इस महामारी के बीच सुरक्षित रहने के लिए भी है।



### टेड्रोस के स्वैच्छिक इस्तीफे की मांग उठी

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन सांसदों का एक समूह ने पिछले हफ्ते सुझाव दिया था कि राष्ट्रपति ट्रंप को टेड्रोस के स्वैच्छिक इस्तीफे की मांग रखनी चाहिए। इस बारे में पूछे जाने पर कि क्या वह इस्तीफे पर विचार कर रहे हैं, तो टेड्रोस ने कहा कि मैं दिन–रात काम करता रहूंगा क्योंकि यह एक धन्य कार्य है। उन्होंने कहा कि इस समय मेरी जिम्मेदारी लोगों के जीवन को सुरक्षित रखना है और मैं उसी पर ध्यान केंद्रित करूंगा। उन्होंने कहा यही कारण है कि आप मुझे शिकायत करते हुए नहीं देखते हैं, क्योंकि हमें सबका साथ मिलना चाहिए।

**विशिष्ट देशों को अमेरिकी सहायता की एक नई किश्त की घोषणा**

22 अप्रैल को वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा कि विशिष्ट देशों को अमेरिकी सहायता की एक नई किश्त की घोषणा की गई है। इस वर्ष कुल वायरस सहायता 700 मिलियन डॉलर से अधिक हो गई। अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि डब्ल्यूएचओ के लिए निलंबित धन का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जाएगा।

**डब्ल्यूएचओ चीन के दुष्प्रचार का साधन बना:** ट्रंप के प्रशासन ने आरोप लगाया है कि डब्ल्यूएचओ चीन के दुष्प्रचार का साधन बन गया है। वह कोरोना वायरस के मौजूदा संकट में अपनी साख पूरी तरह खो चुका है। राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में डब्ल्यूएचओ को दी जाने वाली अमेरिकी फंडिंग पर रोक लगाने की घोषणा की थी।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली इस संस्था पर कोरोना वायरस महामारी के दौरान चीन का पक्ष लेने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि डब्ल्यूएचओ में सर्वाधिक योगदान अमेरिका देता है।

### संकट के दौरान अपनी पूरी साख खो चुका संगठन

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ब्रायन ने कहा कि डब्ल्यूएचओ के साथ दिक्कत यह है कि वे इस संकट के दौरान अपनी पूरी साख खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि डब्ल्यूएचओ कई साल से बहुत प्रामाणिक संगठन रहा है। अमेरिका इस संगठन पर 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा खर्च करता है। चीन उस पर करीब चार करोड़ डॉलर खर्च करता है जो अमेरिका के योगदान के दसवें हिस्से से भी कम है और उसके बाद भी डब्ल्यूएचओ चीन के दुष्प्रचार का साधन बन गया है। ब्रायन ने कहा कि 14 जनवरी को डब्ल्यूएचओ ने अमेरिका को भरोसा दिलाया था कि कोरोना वायरस मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण नहीं हो रहा है जो बाद में पूरी तरह झूठा साबित हुआ।

## सोनिया गांधी का बीजेपी पर बड़ा हमला

# बीजेपी फैला रही नफरत का वायरस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरुवार को बीजेपी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वह कोरोना वायरस महामारी के वक्त भी सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और नफरत का वायरस फैलाना जारी रखी हुई है।

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में उन्होंने न सिर्फ बीजेपी पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया बल्कि कोरोना के खिलाफ जंग में मोदी सरकार की रणनीति पर भी हमला बोला। सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि पीपीई और टेस्टिंग को लेकर कांग्रेस के सुझावों पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया।

### कोरोना में केंद्र-राज्य सहयोग अहमः मनमोहन

इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में हमारी सफलता के लिए केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन की सफलता का फैसला इससे होगा कि हम कोविड–19 से किस तरह निपट रहे हैं।

**देश में टेस्टिंग अभी भी बहुत कमः** उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में टेस्टिंग, ट्रेसिंग और क्वारंटीन का कोई विकल्प नहीं है लेकिन दुर्भाग्य से देश में अभी भी टेस्टिंग बहुत कम हो रही है। सोनिया ने देश में कोरोना वायरस के फैलने और उसकी रफ्तार पर भी चिंता जताई।

**लॉकडाउन के पहले चरण में 12 करोड़ नौकरियां खत्म हुईं:** कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी सरकार से मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्योगों के लिए स्पेशल पैकेज की मांग की। लॉकडाउन के पहले चरण में 12 करोड़ नौकरियां खत्म हुई हैं।

सोनिया गांधी ने कहा कि सरकार को हर परिवार को कम से कम 7,500 करोड़ रुपये मदद पहुंचानी चाहिए।

### कांग्रेस कर रही सांप्रदायिक राजनीतिः बीजेपी

नई दिल्ली। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के बीजेपी पर नफरत का वायरस फैलाने का आरोप लगाने के बाद भगवा दल ने पलटवार किया है। बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा है कि कांग्रेस बांटने वाली और सांप्रदायिक राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस रचनात्मक राजनीति के बजाए जानबूझकर ये मुद्दे उठा रही है। जावड़ेकर ने आज कहा, कांग्रेस जानबूझकर समाज में भेद पैदा कर रही है। यह भेद समाज को कमजोर करता है। हम ऐसे बयानों की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह वक्त सकारात्मक राजनीति का था। केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस वक्त वे सामने आते और सरकार का समर्थन करते, लोगों के लिए खाना बांटते और सरकार को सुझाव देते।

# साद के फार्म हाउस पर पुलिस का छापा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■फार्म हाउस पहुंची दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम

नई दिल्ली। कोरोना वायरस की वजह से लगी पाबंदियों की निजामुद्दीन मरकज में धज्जियां उड़ाने वाले तब्लीगी जमात के मुखिया मौलाना मुहम्मद साद कंधालवी के फार्म हाउस पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को छापा मारा।

यूपी के शामली स्थित मौलाना के फार्महाउस पर दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम की छापेमारी जारी है। कोरोना वायरस के खतरे के मद्देनजर पुलिस की टीम पर्सनल प्रोटेक्शन किट भी पहनी हुई है।

निजामुद्दीन मरकज में पिछले महीने हुए मजहबी जलसे में शामिल हुए लोगों से बड़े पैमाने पर देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस फैला है। अब तक मरकज से जुड़े 4000 से ज्यादा लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि की जा चुकी है।

इस मामले में मौलाना साद के खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा के तहत भी केस दर्ज किया है। इतना ही नहीं, मौलाना साद पर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा भी कस गया है। तबलीगी जमात से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने भी मौलाना साद और मरकज से जुड़े कई दूसरे लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# जमात का गुनाह पूरे समुदाय का नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने तबलीगी जमात प्रकरण के बाद खड़े हुए विवाद को लेकर गुरुवार को कहा कि किसी एक संस्था या व्यक्ति के गुनाह को पूरे समुदाय के गुनाह के तौर पर नहीं देखा जा सकता।

उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि रमजान के पवित्र महीने में संपूर्ण मुस्लिम समुदाय लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग से जुड़े दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अपने घर पर इबादत एवं इफ्तार करेगा।

### ज्यादातर मुसलमानों ने जमात की निंदा कीः नकवी

तबलीगी जमात प्रकरण के बाद सामने आई कुछ कथित घटनाओं पर नकवी ने कहा, 'किसी एक संस्था या किसी एक व्यक्ति के गुनाह को पूरे समुदाय का गुनाह नहीं कहा जा सकता। उस संस्था ने जो भी अपराधिक लापरवाही या अपराध किया उसकी ज्यादातर मुसलमानों ने निंदा की और कार्रवाई की बात की।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in